# जागरण: सागर: दमोह: रायसेन: विदिशा

www.dainikjagranmpcg.com • राहतगढ़ • खुरई • पथरिया • सिलवानी • गैरतगंज • गंजबासौदा • सिरोंज • बीना • शमशाबाद

भोपाल 07 दिसंबर 2025


### नो पॉलीथिन नो सिंगल यूज प्लास्टिक अभियान, शहर में की बड़ी छापामार कार्यवाही

# थोक विक्रेता की दुकान-गोदामों से 100 क्विंटल प्लास्टिक, अमानक पॉलीथिन जब्त

**जागरण, सागर।** प्रतिबंध के बावजूद शहर में अमानक पॉलिथीन-प्लास्टिक के विक्रय का कारोबार चल रहा है। शनिवार को निगम की टीम ने नया बाजार सिंधी मार्केट में एक दुकान और गोदाम से करीब 100 क्विंटल ऐसी ही अमानक सामग्री जब्त की है। निगमायुक्त को यहां के व्यापारियों ने आश्वस्त किया है कि वे आगे से इस सामग्री को लेकर सजग रहेंगे।

शहर की स्वच्छता और शहर के रहवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए निगमायुक्त राजकुमार खत्री के नेतृत्व में नगर निगम अमले द्वारा शनिवार शाम 6 बजे नयाबाजार सिंधी मार्केट में छापेमार कार्यवाही कर सिंगल यूज प्लास्टिक, अमानक पॉलीथिन आदि जब्ती की कार्यवाही की गई। निगमायुक्त खत्री ने नया बाजार में हीरा नामक थोक व्यापारी की दुकान एवं गोदामों पर छापे मार कर लगभग 100 क्विंटल सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक पॉलीथिन जब्त करायी। निगमायुक्त ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के बाद भी शहर में इसके धड़ल्ले से हो रहे इस्तेमाल को रोकने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक जीवन के लिए घातक है। सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल आदि सामग्रीए माईक्रो प्लास्टिक शरीर में पहुंचकर गंभीर बीमारी



उत्पन्न करते हैं। वर्तमान समय में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। एक व्यक्ति आज कैंसर से पीड़ित होता है तो उसका पूरा परिवार प्रभावित होकर टूट जाता है। यदि सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल का उपयोग पूरी तरह बंद होने पर गंभीर बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है।

#### नागरिकों से की अपील

उन्होंने कहा कि सभी थोक एवं फुटकर व्यापारी अमानक पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिकए डिस्पोजल कप, ग्लास, चम्मच, प्लेट आदि सामग्री का विक्रय न करें। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल को रोकने के लिए एक राष्ट्र-एक मिशन नाम से एक देशव्यापी अभियान शासन द्वारा चलाया गया है। अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों, जलस्रोतों, पार्कों, पर्यटन स्थलों, रेलवे स्टेशन आदि में स्वच्छता कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि. पर्यावरण, स्वास्थ्य व स्वच्छता के लिए घातक सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल व पॉलीथिन का उपयोग न करें। कपड़े के थैले, कागज के पेकिट आदि का उपयोग करें। बाजार जाते समय अपना थैला साथ लेकर जाएँ। पर्यावरणए स्वास्थ्य व स्वच्छता के लिए हानिकारक सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल व पॉलीथिन का उपयोग न करें।

#### सुरक्षित सामग्री को दें बढ़ावा

नया बाजार स्थित थोक व्यापारियों ने निगमायुक्त खत्री से चर्चा करते हुए आगे से सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन का व्यापार न करने की सहमति दी। निगमायुक्त ने व्यापारियों को समझाईस देते हुए कहा की आप सभी शहर हित में सहयोग करें। कपड़े के थैले व कागज पेकिट आदि सुरक्षित सामग्री का उपयोग व व्यापार को बढ़ावा दें। आवश्यकता पड़ने पर सेल्फहेल्प ग्रुप व अन्य गृह उद्योगों के माध्यम से थैले व कागज के पैकेट आदि उपलब्ध कराये जा सकते हैं। पॉलीथिन की थोक उपलब्धता समाप्त होगी तो घरों तक पॉलीथिन नहीं पहुंचेगी व नागरिकों के स्वच्छता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन होगा।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर पंडापुरा विद्यालय में कार्यक्रम



### गीत, संगीत, नाटक, नृत्य, रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित

**जागरण, सागर।** कलेक्टर के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सागर द्वारा शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पण्डापुरा में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामर्थ्य प्रदर्शन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गीत, संगीत, नाटक, नृत्य, रंगोली और मेंहदी जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रेरक संदेश प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकए विद्यार्थी तथा दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्यरत अशासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। संयुक्त संचालक डॉ.डीएस यादव ने संस्था में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय कलापथक दल सहित समस्त स्टाफ एवं डीडीआरसी टीम मौजूद रही। समापन सत्र में मुख्य अतिथि द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। लगभग 250 विद्यार्थियों की सहभागिता वाले इस कार्यक्रम में पालकगण एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ सामूहिक रूप से भोजन किया। स्कूल अधीक्षक प्रहलाद राय ने आभार व्यक्त किया।

**न्यूज कार्नर**

### बिगड़ी कानून व्यवस्था का विरोध, पैदल मार्च



**जागरण, सागर।** जिला उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित एवं युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष सागर साहू के नेतृत्व में कबूला पुल चौराहे से पैदल मार्च प्रारंभ होकर शक्ति एवं संघर्ष का संदेश देते हुए कैंट थाना पहुंचा। जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कड़ी चेतावनी दी गई। शहर कांग्रेस जिला अध्यक्ष महेश जाटव ने चेतावनी देते हुए कहा कि अवैध शराब, जुआ सट्टा जैसी गतिविधियां खुलेआम चल रही हैं। जिससे आमजन को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा है। अगर जल्द रोक नहीं लगाई गई और अपराधों पर नियंत्रण नहीं हुआ तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी जिसकी जवाबदारी प्रशासन की रहेगी। पूर्व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे ने चेतावनी देते कहा कि थाना केंट क्षेत्र अंतर्गत कटरबाजी जैसे अपराध दिन प्रतिदिन बढ़ रहे हैं। ऐसे स्थिति में आमजन में डर का माहौल बना हुआ है, साथ ही पुलिस का लचर रवैया होने से गली मोहल्ले में अवैध शराब, जुआ सट्टा का व्यापार बहुत तेज गति से बढ़ रहा है। असामाजिक गतिविधियां पर पुलिस प्रशासन बंद नहीं कराती है तो जल्द युवा कांग्रेस एसपी कार्यालय का घेराव करेगी। प्रदेश सचिव जैद खान ने चेतावनी देते कहा आपके थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार गांजा जैसे नशीले पदार्थों का व्यापार बहुत तेजगति से बढ़ रहा जिसके कारण युवा पढ़ी के बच्चे इसका सेवन करने लगे हैं। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष बब्बू यादव, देव प्रशांत ठाकुर, आनंद हेला, निखिल चौकसे, रोहित माण्डले, संदीप चौधरी, अमन लोधी आदि उपस्थित रहे।

## राजस्व वसूली माह : निगम में बकाया संपत्तिकर 5 लाख 393 रुपए जमा

### अभियान : कटरा बाजार में एक दुकान में की तालाबंदी

**जागरण, सागर।** नगर निगम द्वारा 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक राजस्व वसूली माह के अंतर्गत निगम क्षेत्र में सघन वसूली अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत बकाया संपत्ति कर, जलकर, दुकानों का किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क सहित अन्य करों की वसूली सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री, राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी वसूली टीम के साथ कटरा बाजार पहुंचे। इस दौरान लंबे समय से करों की बकाया राशि 5 लाख 393 रुपए जमा कराए गए तथा एक दुकान पर सख्त कार्रवाई करते हुए मुन्नी बी पत्नी शेख सिमन्दर की दुकान में तालाबंदी की गई। निगमायुक्त ने मौके पर ही विश्वनाथ साहू कटरा बाजार से 3 लाख 7 हजार 517, शिवराम केसरवानी से 4 हजार 178 एवं प्रदीप किशनचंद चौरसिया से 1 लाख 41 हजार 768 कुल राशि 5 लाख 393 रुपए जमा कराए। इस दौरान निगमायुक्त ने अन्य बकायादार दुकानदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं भवन मालिकों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने कहा कि जिन बकायादारों को कई बार सूचना दिए जाने के बावजूद करों का भुगतान नहीं किया



गया है उनके विरुद्ध तालाबंदी, जल कनेक्शन विच्छेदन एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राजस्व अधिकारी को निर्देशित किया कि संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क एवं अन्य करों की बकाया राशि शीघ्रता से वसूली जाए ताकि नगर निगम के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की वित्तीय बाधा उत्पन्न न हो। खत्री ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्राप्त राजस्व का उपयोग शहर की सड़कों, नालियों, पेयजल, सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्यों में किया जाता है। समय पर करों का भुगतान कर नागरिक इन विकास कार्यों में सहभागी बन सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 दिसंबर तक राजस्व वसूली माह के अंतर्गत निरंतर सघन वसूली अभियान चलाया जाएगा तथा करों की बकाया राशि जमा न करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर अपने करों का भुगतान कर कार्रवाई से बचें तथा स्वेच्छा से नगर निगम के विकास कार्यों में सहयोग प्रदान करें। अभियान के दौरान नगर निगम की वसूली टीम द्वारा प्रतिदिन वार्डों में जाकर करदाताओं से संपर्क किया जा रहा है।

## एसआईआर को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वर्चुअल कॉन्फ्रेंस सम्पन्न

**जागरण, सागर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की वर्चुअल कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इस वीसी में जिले से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजकुमार खत्री तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश रावत सहित सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। सम्मेलन में मतदाता सूची के अद्यतन, त्रुटियों के निराकरण, नए मतदाताओं के पंजीयन तथा पुनरीक्षण प्रक्रिया की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही अधिकारियों को समयसीमा में कार्य पूर्ण करने तथा प्रत्येक मतदाता तक आवश्यक जानकारी पहुंचाने के निर्देश दिए गए।



### सभी विधानसभाओं में शत-प्रतिशत एसआईआर कार्य पूर्ण

**जागरण, सागर।** निर्वाचन आयोग के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में जिले की सभी आठ विधानसभाओं में शत-प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। जिसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जीआर ने अधिकारियों और बीएलओ को बधाई दी। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले के सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सुपरवाइजरों और बूथ लेवल अधिकारियों बीएचओ ने यह कार्य समय सीमा में पूरा किया। दूर-दराज के गांवों, बस्तियों में बीएलओ घर-घर पहुंचे। नए मतदाताओं का पंजीकरण, मृतकों व स्थानांतरित व्यक्तियों के नाम हटाने के साथ-साथ सुधार के सभी कार्य समय सीमा से पहले पूरे कर लिए गए। कलेक्टर ने सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और उनकी पूरी टीम को बधाई दी उनकी मेहनत और कार्य कुशलता की सराहना की।

## परिनिर्वाण दिवसः भाजपा ने दी डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि

**जागरण, सागर।** भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर भाजपा ने अंबेडकर वार्ड स्थित संविधान चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस मौके पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने बाबा साहब के महान योगदान, संघर्षशील जीवन तथा सामाजिक समरसता के लिए उनके अतुलनीय प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगन्नाथ गुरैया, शैलेश केसरवानी, विक्रम सोनी, मनीष चौबे, अमित बैसाखिया, देवेंद्र अहिरवार, निकेश गुप्ता, देवेंद्र कटारे, रामू



ठेकेदार, नीलम अहिरवार, नीरज यादव, धर्मेंद्र खटीक, धर्मेंद्र रजक, अनीता अहिरवार आदि मौजूद थे।

## होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस मनाया

**जागरण, सागर।** 79वें होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस का आयोजन होमगार्ड लाइन में धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी तथा विशिष्ट अतिथि में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा परेड का निरीक्षण करने के उपरांत परेड के मार्च पास्ट का अवलोकन किया गया।

परेड में कुल 5 टुकड़ियां सम्मिलित रहीं जिन्होंने मंच से गुजरते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी। इसके बाद आपदा प्रबंधन के अंतर्गत उपलब्ध सामग्रियों का मुख्य अतिथि द्वारा अवलोकन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र का शुभारंभ दोपहर 3 बजे विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों



के साथ किया गया। रस्साकसी, कुर्सी दौड़ जैसे रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी गईं जिन्हें शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**स्मरण** | डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन, शहर में हुए कई कार्यक्रम

# गुलामी के दौर में भी डॉ. अंबेडकर ने अपनी बात रखी : कुलपति

**जागरण, सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में डॉ भीम राव अम्बेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस पर अभिमंच सभागार में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रारंभ में मां सरस्वती, डॉ. गौर एवं डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कुलपति प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉ अंबेडकर ने कोई रिजर्वेशन का लाभ नहीं लिया लेकिन उनकी इच्छा शक्ति देश के प्रति लगन ने उन्हें मजबूत बनाया। उन्होंने विदेश में शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी वह भारत में आकर अन्याय के विरोध में लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि गुलामी के दौर में भी डॉ. अंबेडकर ने अपनी बात रखी उनकी तबीयत भी ठीक नहीं थी लेकिन फिर भी उन्होंने संघर्ष किया। सोशल रिफॉर्म के साथ-साथ डॉ. अंबेडकर के इकोनामिक थिओरी को आज भी याद किया जाता है। डॉ. अंबेडकर ने 5 लाख लोगों के साथ बुद्ध धर्म को स्वीकार किया लेकिन उनकी मेहनत और हिम्मत के कारण आज भी डॉ. अंबेडकर को हम याद करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जीवाजी विश्वविद्यालय के



प्रो. शांति देव सिसोदिया ने कहा कि आधुनिक भारत की कल्पना डॉ. आंबेडकर के बिना अधूरी है।डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष की कहानी है चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उन्होंने सामाजिक न्याय और विकास की लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसपी उपाध्याय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के जीवन से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने विपरीत परिस्थिति में भी अपने और समाज की प्रगति के लिए काम किया उनका शोध और शिक्षा कठिन परिश्रम का परिणाम है। भारतीय संविधान के निर्माण में उन्होंने सबकी चिंता करते हुए विकास के मार्ग को बताया और लोकतंत्र को मजबूत किया। विश्वविद्यालय प्राक्टर प्रो. चंदा बेन ने डॉ. अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज कल्याण को समर्पित था। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. देवेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर के पास 32 डिग्रियां थी और उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था।

#### संगोष्ठी में ये थे मौजूद

इस अवसर पर विश्विद्यालय के प्रो. अशोक अहिरवार, प्रो. अनिल कुमार, डॉ. शशि कुमार सिंह, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. रेखा सोलंकीडॉ. हिमांशु कुमार, डॉ. अवधेश कुमारसहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में अजब सिंह,जितेंद्र, अभय, हिमांशु, बालचंद, नैनिका, जितेंद्र कबीरपंथी आदि का विशेष सहयोग रहा। संचालन डॉ. देवेन्द्र कुमार एवं आभार प्रदर्शन डॉ. विरेन्द्र मत्तसनिया ने किया।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने खंडेलवाल से की भेंट

**जागरण, सागर।** भारतीय जनता पार्टी सागर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी शनिवार को एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुंचे। भोपाल प्रवास के दौरान उन्होंने पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भेंट की। भेंट वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को जिले की एस.आई.आर अभियान प्रगति की विस्तृत जानकारी दी एवं सागर जिले से जुड़े सांगठनात्मक विषयों पर प्रदेश अध्यक्ष से विस्तृत चर्चा की। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी भोपाल प्रवास के दौरान भाजपा महिला मोर्चा कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष ने सागर के भगवानगंज चौरहा स्थित संविधान निर्माता, भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। पार्षद प्रतिनिधि रामू अनीता अहिरवार अंशुल परिहार नितिन सोनी, चेतराम अहिरवार, हेमन्त अहिरवार, रघुवीर अहिरवार उपस्थित रहे।

## न्यूज कार्नर

### अवैध शराब पकड़ने में संगठन की बड़ी सफलता



**पथरिया।** भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा पथरिया के कार्यकर्ताओं ने पथरिया नगर के वार्ड नंबर 2 में 4 पेटी अवैध शराब पकड़ी। आरोपी मौके से शराब और अपनी मोटर साइकिल छोड़कर फरार हो गया। संगठन के सदस्यों ने बताया कि वे लगातार अवैध शराब के खिलाफ अभियान चला रहे हैं लेकिन इसके बाद भी आबकारी विभाग केवल मुंह देखी कार्यवाही करता है। उन्होंने यह भी कहा कि आबकारी विभाग को अक्सर 20-25 पाव से अधिक शराब बरामद नहीं होती जबकि संगठन द्वारा पकड़ी जा रही मात्रा इससे कहीं अधिक होती है। संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध शराब पर सख्त कार्यवाही की जाए और क्षेत्र में बढ़ते शराब कारोबार पर लगाम लगाई जाए।

### बस स्टेंड पर नीम के झाड़ के तने काटे



**हटा।** बस स्टैंड हटा में प्रतीक्षालय के पास लगे वर्षो पुराने नीम के पेड़ के तने नगर पालिका द्वारा जेसीवी मशीन से हटा दिए गए हैं। इस पेड़ की डालियां नीचे तक लटकती थी जो यात्री बसो के उपर रखे समान से फंसकर समान क्षतिग्रस्त करतीं थी। पिछले दिनों टीकमगढ़ से चलने वाली मिश्रा बस की छत पर रखे समान की पेड़ की डालियों से फंसकर नीचे गिरने से एक महिला चोटिल हो गई थी जिससे विवाद उत्पन्न हो गया था ओर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा था। नगर पालिका सीएमओ राजेन्द्र खरे के निर्देश पर बस स्टैंड क्षेत्र के दो हरे भरे पेड़ पूर्व में भी काटे जा चुके है जिसकी पर्यावरण प्रेमी आलोचना भी कर चुके हैं।

#### होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह संपन्न, कलेक्टर ने परेड की सलामी लेकर प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# संकट के समय होमगार्ड और सुरक्षा सदस्यों का बेहतर काम

**जागरण दमोह।** होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों ने पिछले एक-डेढ़ वर्ष में बेहतरीन कार्यों का प्रदर्शन किया है। चाहे बाढ़ राहत हो, गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू हो या फिर किसी की जान बचानी हो, किसी संकट में साथ देना हो या फिर देवी विसर्जन और गणेश जी का विसर्जन हो, हर जगह इन्होंने बेहतरीन कार्य किया है। मैं इन सबको बधाई देता हूं। इस आशय की बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने होमगार्ड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह में परेड की सलामी उपरांत कही।



कलेक्टर ने कहा होमगार्ड सैनिकों ने एक शानदार परेड का आयोजन किया है। उन्होंने एसडीआरएफ के द्वारा जो कार्य किए जाते हैं उनके जो उपकरण हैंए जो कार्य हैंए उन सबका भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा आज सभी होमगार्ड के सैनिकों, नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों, सभी आपदा मित्रों और सभी को मैं बधाई देते हुए कहा इसी प्रकार से नागरिक सुरक्षा और देश की सेवा में समाज की सेवा में लगातार काम करते रहें। कलेक्टर ने होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा बल के इस समर्पण, तत्परता और सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रशंसा करते हुए कहा जिले के विद्यालयों और महाविद्यालयों में आपदा जागरूकता शिविर आयोजित कर विद्यार्थियों को सुरक्षा उपायों की जानकारी देना अत्यंत सराहनीय पहल है।



प्लाटून कमांडर हर्ष कुमार जैन ने कहा 79वॉ स्थापना दिवस के अवसर पर परेड का आयोजन किया है जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विभाग के सैनिको, मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कियाए आपदा मित्रो की सराहना की। एसडीईआरएफ टीम का यह समोराह पूरे जिलों में मनाया जा रहा हैए राज्य. स्तरीय समारोह राज्य में हो रहा है। इस समारोह में कलेक्टर ने सराहना की।

### संसाधनों के नियमित उपयोग के निर्देश

एसडीईआरएफ की टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित आधुनिक उपकरणों, बचाव सामग्री और महत्वपूर्ण संसाधनों की प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्टर ने प्लाटून कमांडर प्राची दुबे एवं जोगेश विश्वकर्मा के साथ प्रदर्शनी का विस्तृत निरीक्षण किया और उपयोगी संसाधनों के नियमित प्रशिक्षण एवं उपयोग के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान होमगार्ड परिवार के मेधावी छात्रों, कैडेट्स और नागरिक सुरक्षा बल के सदस्यों को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आलोक सोनवलकर ने किया।

# ग्राम पूरनयाऊ में हुए अंधे हत्याकांड का जबेरा पुलिस ने किया खुलासा

## आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

**जागरण जबेरा।** जबेरा थाना अंतर्गत ग्राम पूरनयाऊ कुछ दिन पूर्व एक अंधा हत्याकांड हुआ था। एक किसान का शव खेत की झोपड़ी में पड़ा हुआ मिला था। जिसकी जांच जबेरा पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी। यह हत्याकांड पुलिस के लिए चुनौती पूर्ण था। पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के निर्देशन में एसडीओपी देवीसिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान द्वारा टीम गठित की गई थी। लगातार साइबर सेल व पुलिस टीम की मदद से घटित अंधे हत्याकांड की बारीकी से जांच कर संदिग्ध को दस्तयाव कर घटना के संबंध में गहन पूछताछ की गई। यह हत्याकांड थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान को बहुत चुनौती पूर्ण था जिसमें कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया।



थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी रवि उर्फ चुन्नू रैकवार निवासी देवतरा पूरनयाऊ को दस्तयाव कर गहन पूछताछ की गई। आरोपी ने बताया कि 14 नवंबर की शाम 5 बजे बेनी कड़ेरे से खेत में सिंचाई के लिए पानी चलाने पर विवाद वातावरण हुआ था। रात की 10:30 बजे आरोपी अपने खेत जा रहा था, तभी बेनी कड़ेरे द्वारा टपरिया के पास आरोपी के साथ अनावश्यक गाली गलौज की गई। जिस पर रवि उर्फ चुन्नू रैकवार ने गुस्सा में अपने हाथ में लिए लोहे के हाशिया से बेनी कड़ेरे की गर्दन पर वार कर दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गई। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त हाशिया तालाब के किनारे छुपा देना स्वीकार किया।

आरोपी रवि उर्फ चुन्नू रैकवार को विधिवत गिरफ्तार कर 6 दिसंबर को न्यायालय में पेश किया। कार्यवाही में थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक गणेश दुबे, प्रधान आरक्षक देवेंद्र रैकवार, सतीश नामदेव, आरक्षक विवेक कटारे, वीरेंद्र वाडेकर एवं साइबर सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत शालाओं में कार्यक्रम

**दमोह।** कलेक्टर दमोह सुधीर कोचर के निर्देशन में जिला कार्यक्रम अधिकारी जयवंत सिंह वर्मा के मार्गदर्शन में बटियागढ़ विकासखंड के हाई स्कुल बकायन एवं फुटेराकलां के हायरसेकण्ड्री स्कूल में इस 100 दिवसीय अभियान के तहत शालाओं के बच्चों के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग एवं ममता एचआईएमसी संस्था के सहयोग से बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 पर विस्तार से चर्चा की गई तथा इस कानून के बारे में प्रश्नोतरी रखी गई जिसके माध्यम से बच्चों में कानून के प्रति जागरूकता आई। कार्यक्रम में संजीव मिश्रा एवं ममता संस्था से जिला समन्वयक वीरेंद्र जैन, प्राचार्य वीरेंद्र श्रीवास्तव, स्वेता जैन उपस्थित रहे।

### विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा का आगमन आज

**दमोह।** जिला कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष बसंत कुशवाहा ने बताया कि आज 7 दिसंबर को सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा का दमोह आगमन हो रहा है सर्किट हाउस सुबह 10 बजे से जिले के कांग्रेसजनों से सौजन्य मुलाकात करेंगे।

# श्रुति सम्यक के आदि स्रोत हैं भगवान महादेव : वेदांताचार्य



**जागरण दमोह।** नव दिवसीय शिव कथा के प्रारंभिक चरण में शतरुद्र संहिता के अंतर्गत शिव तत्व का निरूपण करते हुए भगवान वेदांताचार्य ने कहा कि पंच महाभूतों के स्वरूप में शिव ही सृष्टि कर्ता से लेकर संहार तक विद्यमान है जीवन का सत्य शिव है जिसमें वह अपनी लीला माधुर्य से शिव भक्तों को काशी में दिव्यानुभूति कराते है। उनकी कृपानुभूति एक साधना पक्ष की दृढ़ता में छुपी है। जन मानस को चाहिए कि काशीपुरी में आध्यात्मिक चेतना के लिए निवास करे शिव को अपने जीवन के प्रत्येक स्थिति में समाहित कर सुख दुख का साथी बना ले बस उस का कल्याण होने में देर नहीं लगेगी। कथा से व्यथा मिटती है साथ ही संबल मिलता है जो सबको आत्मबल देता है इस कथा की विविध योजनाओं में जहां अनुष्ठान की महिमा गाई जा रही अभी यज्ञ के प्रभाव से लोग नित नई ऊर्जा शक्ति को बढ़ाने में लगे है। फलाहारी बाबा ट्रस्ट एवं महामंगल सेवा समिति द्वारा शिव चरित्र के आदर्श को स्थापित किया जा रहा है निःशुल्क कम्बल और साल वितरण किए जा रहे है जिसमें काशी वासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लेना प्रारंभ कर दिया है। एक अलौकिक वातावरण में अनूठी शैली से दार्शनिक विचारों में इंकित होता नजर आया कि शिवत्व के लिए जन मानस में अनोखा समर्पण है। योगिराज श्रीराम करण दास महाराज कथा के मुख्य श्रोता विनोद कुमार दुबे, पुरषोत्तम जालान, मीडिया प्रभारी कमलेश केशरी, आनंद अग्रवाल सहित मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

# विरोध : राहत राशि, मक्के के दाम और खाद किल्लत को लेकर कांग्रेस का शक्ति-प्रदर्शन





### युवा कांग्रेस ने निकाली मक्के की शव यात्रा, कृषि मंत्री का पुतला जलाया

**जागरण, देवरीकलां।** प्रदेश सरकार द्वारा सोयाबीन फसलों की राहत राशि न दिये जाने, मक्के एवं धान कीमत न मिलने एवं खाद की बड़ती किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री हर्ष यादव की अगुवाई में एक बड़ा प्रदर्शन किया। क्षेत्र भर से ट्रेक्टरों के साथ आये सैकड़ों कृषकों ने रैली निकालकर कृषि मंडी में नारेबाजी की एवं प्रदेश सरकार एवं स्थानीय प्रशासन का घेराव किया। स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से आरंभ हुई ट्रैक्टर रैली के आगे आगे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह की शव यात्रा चल रही थी । इस मौके पर पूर्व मंत्री हर्ष यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष बाबा राजोरिया सहित कांग्रेस पदाधिकारी खाद की बोरियों से बनी जैकिट एवं गले में मक्का के भुट्टों की माला पहने हुए थे। रैली गैस एजेंसी शुरू हुई जो मुख्य मार्ग से होती हुई कृषि उपज मंडी पहुंची कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया गया एवं पुतला की परिक्रमा लगाकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के मुरादाबाद के नारे लगाए। कृषि उपज मंडी में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि किसान ,व्यापारी, और बेरोजगार युवा खून के आंसू बहा रहे हैं और मोहन बाबू की मुरली चौन की बंसी बजे रहे है, हर दिन घोषणाएं करते जा रहे हैं, नागरिक अभिनंदन कर रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि छल कपट की राजनीति करके भारतीय जनता पार्टी की सरकार 20 साल से मध्य प्रदेश में काबिज है,मगर आज किसान की आज दोगुनी नही हुई, मोदी जी ने 2014 के चुनाव में कहा था कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी ,तोकिसान की आय दुगनी करेंगे, लेकिन आज किसान कर्ज के बोझ में दबा हुआ है भारतीय जनता पार्टी के बातें करने वाले लोग चुल्लू भर पानी में डूब मरे। किसान की बात करने वाले लोग कृषि उपज मंडी गवाह है निहत्थे किसानो, माता ,बहनों पर लाठियां बरसाई गई चांटे मारे गए देवरी क्षेत्र का किसान यह भूलने वाला नहीं जब एक-एक पूरी खाद के लिए 24-24 घंटे किसान लाइन में लगा था। उन्हाने कहा कि किसानों की पीड़ा है कि उन्हें आज भी डीएपी नहीं मिल पा रहा है, दलाल 2 हजार रुपए प्रति बोरी में बेच रहे है। यूरिया की कालाबाजारी हो रही है। मक्का के बारे में तो किसी से कहने की जरूरत नहीं है, मुख्यमंत्री मोहन यादव कहते थे कि मक्का 24 सौ प्रति क्विंटल खरीदेंगे, सोयाबीन 6 हजार क्विंटल खरीदने की बात करते थे। समर्थन मूल्य पर धान दी जा रही है और ना ही सोयाबीन। कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने प्रदेश सरकाार को किसान विरोधी एवं शोषण करने वाली बताया उन्होने कहा जिले में किसानों की समस्याओं को बड़ा आंदोलन किया जाएगा। काय्रक्रम को ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बाबा राजौरिया, आंचल आठया, गौरव पाड़े सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। इसके बाद एसडीएम मुनव्वर खान को महामाहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन का वचन पूर्व जनपद अध्यक्ष अंचल आठिया ने किया एवं हर्ष यादव जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने सौंपा।

# एसआईआर सर्वे की व्यवस्था सुधारने की मांग, ज्ञापन सौंपा

**जागरण, राहतगढ़ ।** नगर में एसआईआर सर्वे की व्यवस्था में सुधार लाए जाने की मांग को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। जानकारी के अनुसार वार्ड 15 की पार्षद सीता नंदकिशोर भारती के नेतृत्व में एसआईआर सर्वे में व्यवस्था सुधार कराए जाने की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि नगर में वर्ष 2003 में कई रहवासी प्रदेश या आसपास के इलाकों से आकर राहतगढ़ में रहने लगे है उनका रिकॉर्ड गांव में उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2003 के पूर्व कई मतदाता शिक्षित व जागरूक नहीं थे। जो अपने मताधिकार का कम ही प्रयोग करते थे। अनपढ़ होने के कारण कई मतदाताओं ने परिचय पत्र तक नही बनवाए। जिसके कारण 2003 की मतदाता सूची में उनका नाम शामिल नहीं है। शासन द्वारा नागरिकों को वर्ष 2003 में राशन कार्ड तथा जमीनों के दस्तावेज पट्टे वर्ष 1983 1993 एवं 1998 में प्रदाय किए हैं। वह मतदाता प्रमाणीकरण पोर्टल पर दर्ज कराया जाए ताकि लोग अपनी पहचान बताकर एसआइआर में अपना नाम दर्ज करा सकें। वहीं अन्य प्रान्तों में विवाहित बहुओं के रिकार्ड तो मिलते हैं परंतु उनकी भाषा अलग है। जिस कारण सही दस्तावेजों की जानकारी के लिए अलग से टीम बनाई जाए और अन्य प्रांतों से विवाहित हुई बहुओं की जानकारी जुटाई जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में नंदकिशोर भारती राजा बाबू जितेंद्र राजेंद्र खेमचंद कोरी ममता अरुण शारदा शैतान सुखलाल सावित्री अनवर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# श्रीरामकथा हमें अमृततुल्य सुख प्रदान करती है : अरुण कुमार

**जागरण, सागर।** रामकथा-हनुमानगाथा के द्वितीय दिवस का आयोजन सिविल लाइंस स्थित श्री पीपलेश्वर हत्मान मंदिर में हुआ। कथा कासी अरुण कुमारजी ने कहा कि व्यक्ति पाप मोह-स्वार्थ व अभिमानके वशीभूत पाय करता है उससे मुक्त होने के लिये प्रभु के प्रति अनुराग हो तो पुण्य से मुक्ति मिलती है। व्यक्ति को नियति में सत्संग साथ देता है। आपने हनुमान जी और राम जी की प्रथम भेंट बाली वध और जम्भु मुक्ति का चरित्र सुनाया राम कथा सिर्फ कहाती नहीं यह ईश्वर से जड़ने और अपने जीवन को सार्थक करने का माध्यम है। हम किसी में दोष न देखें तभी मुक्ति मिलेगा आपने कहा कि भजन और सत्संग से विपत्ति दूर होती है। आज समाज में आत्महत्यायें और अपराध ज्यादा हो रहे हैं इसके लिये हमें परमात्मा पर आस्था और विस्वास रामकथा के पात्रों की तरह रखना चाहिये ताकि



आत्मबल बढ़े और विपत्ति से हम सामना कर सकें। कल कथा का तृतीय दिवस समापन होगा। कथा भजमान श्री रतेन्द्र सबलोकविजय एवं संयोजक 31. अंकलेश्वर कुळे अन्नी से अन्नी से सभी धर्मप्रेमियों का स्वागत पर संगीतमय सुंदरकाण्ड का आयोजन होगा जिसमें सभी धर्म प्रेमी बंधुओं की उपस्थिति प्रार्थनीय है।

# मुक्तिधाम का कायाकल्प करने अधिवक्ता साथियों ने बहाया पसीना

## श्रमदान अभियान में भागीदारी करने पहुँचे जागरूक नागरिकों ने बदली तस्वीर

**जागरण, देवरीकलां।** देवरी नगर के संगमघाट बड़ा पुल मुक्तिधाम के सौन्दर्यीकरण के लिए विगत 13 दिवसों से चल रहे श्रमदान अभियान में नगर के देवरी नगर एवं क्षेत्र के समाजसेवी एवं जागरूक नागरिक आगे आकर भागीदारी कर रहे है। विगत शनिवार को अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने मुक्तिधाम पहुँचकर परिसर में साफ सफाई एवं पिचिंग कार्य में अपना पसीना बहाया।

सुबह से दोपहर तक चले इस श्रमदान में लगभग एक दर्जन अधिवक्ता साथियों ने काया-कल्प कार्य में योगदान दिया। देवरी नगर के मुक्तिधामों को साफ-सुथरा एवं सुन्दर बनाने के लिए जनभागीदारी से चल रही मुहिम अब जोर पकड़ रही है। नगर के कौशल किशोर मुक्तिधाम, तिलक वार्ड मुक्तिधाम के काया-कल्प के बाद झुनकू वार्ड संगम घाट मुक्तिधाम में भी जनभागीदारी से चल रहे प्रयास अब अपना रंग दिखा रहे है। विगत 13 दिवसो से चल रहे इस श्रमदान अभियान में शमशान परिसर की साफ सफाई, समतलीकरण, रंग-रोगन, वृक्षों को संरक्षित करने के साथ परिसर की फेसिंग एवं मुख्य सड़क एवं पहुँच मार्ग की पिचिंग कार्य में नागरिकों द्वारा आगे आकर सहयोग किया जा रहा है। विगत शनिवार को अधिवक्ता संघ देवरी के अध्यक्ष मिथलेश ब्रम्हपुरिया, वरिष्ठ अधिवक्ता जगदीश सोनी, सदाशिव भागवत, प्रदीप जोशी, लीलाधर यादव, कमलेश मिश्रा, पवन मिश्रा, संजय पस्टारिया, आनंद मोहन यादव, प्रदीप श्रीवास्तव एवं महंत श्री राजू महाराज, राजेश दुबे, शमशान समिति के राजकुमार बृजपुरिया, आनंद जैन, सतीष अरेले, रजनीश जैन, महेन्द्र जाटव, विजय टुला, नीरज तिवारी, नितिन ठाकुर सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने श्रमदान कार्य में भाग लिया।



### घरों के बाहर खड़ी बाइकों में लगाई आग

**जागरण, सागर।** शहर के कृष्णगंज वार्ड में घरों के बाहर खड़ी बाइकों में बदमाशों ने आग लगा दी। आगजनी में दो बाइकें जली हैं। सूचना पर पुलिस ने मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कृष्णगंज वार्ड निवासी पप्पू साहू के घर के सामने खड़ी बाइक में शुक्रवार की देर रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना के करीब एक घंटे बाद करीब 1.30 बजे उसी वार्ड में कुंदन सेन के घर के बाहर खड़ी स्कूटी में भी आग लगा दी गई।

### डालचंद सनकत का निधन

**जागरण, सागर।** राजीव नगर वार्ड निवासी संतोष सनकत के छोटे भाई डालचंद पिता स्व. शंकरलाल सनकत का शनिवार की शाम 7 बजे आकस्मिक निधन हो गया। वे 42 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 11 बजे निज निवास राजीव नगर वार्ड भास्कर प्रेस के पीछे से नरयावली नाका मुक्तिधाम के लिए जाएगी।



## हेलमेट सुरक्षा अभियान जारी, 49 पर जुर्माना

**गुना।** जिले में विशेष सड़क सुरक्षा एवं यातायात अनुशासन अभियान व्यापक स्तर पर जारी है। इस अभियान के तहत, आज यातायात पुलिस ने पीजी कॉलेज के सामने चेकिंग पॉइंट लगाकर सख्त किंतु मानवीय दृष्टिकोण से कार्रवाई की। यातायात पुलिस द्वारा बिना हेलमेट वाहन चलाते पाए गए 49 चालकों से मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 14,700 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में टीआई ट्रैफिक अजय प्रताप सिंह कुशवाह ने जन-हितकारी चेकिंग अभियान संचालित किया। शनिवार को पीजी कॉलेज गुना के सामने विशेष चेकिंग प्वाइंट लगाया गया। चेकिंग के दौरान कॉलेज स्टाफ और छात्र-छात्राएं सहित कई दो-पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट पाए गए। बिना हेलमेट पाए गए 49 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 14,700 का जुर्माना वसूल किया।

**PRESS RELEASE**

I KIRTI AGARWAL W/O MR YOGESH AGRAWAL, FEMALE, AGED 49 YEAR CHANGED MY NAME TO KIRTI AGRAWAL FOR ALL PURPOSE INCLUDING PASSPORT AND ALL OTHER DOCUMENTS. MY ACUTAL AND CORRECT DOB IS 17/04/1976, IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY THIS NAME.

**वासुदेव भगवान सहित अन्य देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी**

# श्री बाबा रामदेव मंदिर के नवदिवसीय आध्यात्मिक उत्सव का समापन



जागरण, गंजबासौदा।

राजेंद्र नगर स्थित भगवान श्री रामदेव मंदिर में संपन्न हुई देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, रामकथा, पंचकुंडात्मक रुद्र महायज्ञ और 2100 कलशों की भव्य कलश यात्रा इन सभी दिव्य आयोजनों की संयुक्त आभा शनिवार को तब पूर्णता को पहुँची, जब भगवान वासुदेव, श्रीराम परिवार, देवी-देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने सामाजिक समरसता और एकता के भाव के साथ एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की विशालता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ढाई सौ कुंटल आटे से बनी पूड़ियाँ, 100 कुंटल से अधिक सब्जी और सवा सौ कुंटल की बूंदी तैयार कराई गई थी। भंडारे की सामग्री को तैयार करने के लिए 70 से 80 कर्मचारी 2 दिन से व्यवस्था में लगे हुए थे। भंडारे की भोजन वितरण सेवा दोपहर 12 बजे शुरू हुई जो की देर रात तक चलती रही मंदिर समिति की ओर से बैठ कर प्रसादी परोसी गई। 9 दिन में 11 लाख रुद्र भगवान रामदेव, माता शीतला, भगवान वासुदेव, गुरु गोरखनाथ सहित अन्य देवताओं की आवाहन आहुतियाँ, वासुदेव-सीताराम की प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे के साथ महोत्सव का विलक्षण समापन सनातन परंपरा, सेवा भाव और श्रद्धा की मिसाल थी। रामदेव मंदिर के संस्थापक पंडित हरि नारायण पाठक ने प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में दिए गए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए क्षेत्र वासियों सनातन प्रेमियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं प्रशासन पुलिस प्रशासन, का आभार माना है।

### प्राण प्रतिष्ठा भी हुईं

उल्लेखनीय है कि जिस नगर में धर्म जागता है, वह केवल आयोजन भर नहीं रह जाता, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ सामाजिक समभाव का संदेश देकर जाता है। ऐसा ही दृश्य नगर ने पिछले 9 दिनों में देखा, जब श्रीधाम बासौदा दरबार के बाबा रामदेव मंदिर में संपन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, पंचकुंडात्मक रूद्र महायज्ञ, श्रीराम कथा और 2100 कलशों की शोभायात्रा ने इस धरा को वासुदेवमय कर दिया। 25 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित श्री प्रेमभूषण जी महाराज की श्रीराम कथा ने हजारों श्रोताओं के हृदयों में भक्ति की नई रोशनी भरी। इसके साथ चले पंचकुंडात्मक रुद्र महायज्ञ की प्रत्येक आहुति नगर के वातावरण को पवित्र, शांत और ऊर्जावान बनाती रही। वहीं रामदेव बाबा मंदिर परिसर में 5 दिसंबर को दिव्य मंत्रोच्चार, वैदिक विधानों और संतों की साक्षी में भगवान वासुदेव, श्रीराम परिवार, शिव-पार्वती, गणेश, हनुमान एवं अन्य देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। रामदेव बाबा मंदिर परिसर से लेकर पास की गलियों तक हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंक्तिबद्ध बैठे और प्रसाद की सुव्यवस्थित सेवा होती रही। हर वर्ग, हर आयु, हर समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। जिसने आयोजन के समापन पर अपनी आस्था, भक्ति, श्रध्दा के साथ-साथ एकता और सनातन धर्म के समभाव का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया।



## अज्ञात कारणों से घर में लगी आग, नगदी सहित गृहस्थी खाक

जागरण, गुलाबगज

अंबेडकर नगर गुलरखेड़ी निवासी राकेश अहिरवार के घर में आग लग गई 1 लाख 60 हजार रुपए का लगभग नगद एवं सामान जल गया राकेश अहिरवार का कबाड़े का सामान खरीदकर अपने घर का पालन करते है।



### विधायक ने दिया मदद का भरोसा

आगजनी राकेश की गृहस्थी और नगदी खाक हो गई है विदिशा विधायक मुकेश टंडन को जब ये सूचना मिली तो उहोंने प्रशासनिक अधिकारियों से बात कि एवं राकेश को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

राकेश अहिरवार ने बताया कि सुबह 09.30 बजे की बात है। मेरे घर में पहली मंजिल पर एक किचिन और और एक कमरा है। मेरी पत्नी किचिन मे खाना बना रही थी और मै खाली छत पर कपडे धो रह था। अचानक कुछ देर बाद मुझे स्मेल आई तो मैं कमरे में गया तो देखा कि मेरे किचिन के बगल बाले कमरे में आग लगी हुई थी। आग लगने से मेरे घर अलमारी जल गई जिसमे करीबन 1 लाख रूपये नगद, एक पेटी जिसमे कपडे रखे हुए थे, कुर्सियों, टीव्ही आदि जल गया जिससे मुझे करीबन 1 लाख 60 हजार रूपये का नुकसान हो गया है। आग कैसे लगी इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

## धान खरीदने से किया इंकार तो किसानों से लगा दिया जाम



जागरण, गंजबासौदा।

शनिवार की दोपहर को कंजना पठार स्थित नवीन कृषि उपज मंडी के सामने किसानों के द्वारा सड़क पर चक्काजाम कर दिया। किसानों ने बताया कि नीलामी के बाद भी व्यापारी उनकी धान खरीदने से इंकार कर रहे थे, जिससे वे नाराज थे। जानकारी के अनुसार घाट बमुरिया निवासी शुभम और प्रहलाद ने अपनी धान नवीन कृषि उपज मंडी में बेची थी। नीलामी के बाद रसीद भी बन गई थी, लेकिन व्यापारियों ने उनकी उपज लेने से मना कर दिया। इसी के विरोध में किसानों ने बासौदा-उदयपुर टू-लेन मार्ग पर ट्रैक्टर लगाकर जाम लगा दिया। चक्का जाम की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार अरविंद यादव ने किसानों से बात की और उन्हें समझाने का प्रयास किया।

तहसीलदार अरविंद यादव ने बताया कि कुछ किसानों की धान की उपज में ऊपर और नीचे की गुणवत्ता में भिन्नता पाई गई थी, जिसके कारण व्यापारी उपज लेने में हिचकिचा रहे थे। उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाए। अधिकारियों के समझाने के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया।

## इफको खाद केंद्र में चोरी का विफल प्रयास, चोर सीसीटीवी में कैद




जागरण, गंजबासौदा।

बरेठ रोड स्थित इफको खाद विक्रय केंद्र में बीती रात को चोरी का प्रयास किया गया। चोर छत पर लगी टीन हटाकर अंदर घुसा और लगभग डेढ़ घंटे तक तिजोरी तोड़ने की कोशिश करता रहा, लेकिन सफल नहीं हो सका। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

बीती रात करीब 11:30 बजे चोर केंद्र के अंदर घुसा और रात 1:30 बजे तक अंदर ही रहा। चोर केंद्र के पिछली तरफ से छत पर चढ़ा, एक साइड की टीन हटाई और अंदर रखी बोरियों पर चढ़कर नीचे उतरा। चोर सीधे तिजोरी तक पहुँचा और करीब डेढ़ घंटे तक उसे तोड़ने का प्रयास करता रहा। तिजोरी तोड़ने में सफल न होने पर, चोर उसी टीन के सहारे केंद्र से बाहर निकल गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोर की पहचान करने और आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है।

## ग्राहक पंचायत के जागरण पखवाड़े का संगोष्ठी से प्रारंभ




जागरण, गंजबासौदा।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का ग्राहक जागरण पखवाड़ा 5 दिसंबर से प्रारंभ हो गया जो कि 20 दिसंबर तक चलेगा। पखवाड़ा के प्रारंभ में एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन पंचायत के जिला अध्यक्ष राजीव रघुवंशी के मार्गदर्शन में की गई। जिसमें प्रमुख वक्ता के रूप में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख प्रदीप जैन उपस्थित थे। जिन्होंने उपस्थित जन को ग्राहक जागरूकता विषय पर संबोधित किया। संगोष्ठी का प्रारंभ माता सरस्वती व विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत रोली चावल से करने के उपरांत गीत दोहराया गया संगठन की रूप रेखा व पंचायत की कार्य पद्धति विदिशा जिले के सचिव कुलदीप श्रीवास्तव के द्वारा रखी गई। संगोष्ठी को भावना राठौर महिला आयाम प्रमुख व आयुषी सैंगर महिला सह आयाम प्रमुख ने भी संबोधित किया।भव्य संगोष्ठी का संचालन प्रदीप मालवीय ने किया व संगोष्ठी का समापन के अवसर पर ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष राजीव रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया।संगोष्ठी में बताया कि ग्राहक पखवाड़ा 5 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा जिसमें अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से ग्राहकों के जागरण के संबंध में अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे सभी से पंचायत से जुड़ने व सहयोग करने की अपील की है।

## न्यूज कार्नर

### एसडीओपी पर आरती में हस्तक्षेप का आरोप



**सिलवानी।** शनिवार को श्री हिन्दू उत्सव समिति के बैनर तले सकल हिन्दू समाज ने कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार सुधीर शुक्ला को सौंपकर एसडीओपी अनिल मौर्य को तत्काल सिलवानी से हटाने की मांग की। इस दौरान एसडीओपी हटाओ-सिलवानी बचाओ तथा एसडीओपी की तानाशाही नहीं चलेगी जैसे नारे भी लगाए गए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि एसडीओपी अनिल मौर्य द्वारा श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर, बजरंग चौराहा तथा शनिदेव मंदिर में प्रतिदिन होने वाली सुबह-शाम की आरती में अनावश्यक हस्तक्षेप किया जा रहा है। बताया गया कि शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025 की रात्रि में आरती के दौरान एसडीओपी मंदिर पहुंचकर आरती रुकवाने और दोनों मंदिरों की आरती एक ही समय पर करने के निर्देश देकर पुजारी से अभद्र व्यवहार किया। हिन्दू समाज ने आरोप लगाया कि इससे पूर्व भी धार्मिक आयोजनों और चल समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता तथा झूठे प्रकरण बनाए जाने जैसी घटनाएँ हुई हैं, जिससे समाज की भावनाएँ आहत हुई हैं और लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि एसडीओपी अनिल मौर्य को तत्काल सिलवानी से हटाया जाए, अन्यथा हिन्दू समाज को उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगाए जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान नगर खेड़ापति संजय शास्त्री, बजरंग चौराहा मंदिर समिति अध्यक्ष नारायण यादव, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजीव सोनी, महेश नामदेव, किशोर सिंह शेखावत, राजेन्द्र सोनी, गोलू सोनी, दिनेश चौरसिया, टिंकू चौरसिया, शिवकुमार रघुवंशी, राघवेंद्र कुशवाहा, मुकेश साहूए मन्नू राजपूत, अनिकेत पोरिया, प्रियांश राजपूत, रवि गुप्ता, हरदयाल मेहरा, नर्वदा कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

**होमगार्ड सिविल डिफेंस दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन, क्षेत्रीय विधायक हुए शामिल**

# वीरता को सलाम : आपदा में जान जोखिम में डालने वाले 20 जवानों का हुआ सम्मान

जागरण, रायसेन

जिला मुख्यालय के होमगार्ड ग्राउंड में शनिवार को होमगार्ड का 79वां तथा नागरिक सुरक्षा संगठन का 63वां स्थापना दिवस समारोह उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने परेड की सलामी लेकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की और इस गौरवशाली बल की वीरता, अनुशासन और सेवा-भावना को समर्पित समारोह को संबोधित किया।

डॉ. चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा बलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। आपदा प्रबंधन, बचाव कार्य, कानून-व्यवस्था तथा जनसेवा जैसे क्षेत्रों में इनकी उत्कृष्ट सेवाएं अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की रक्षा करना इन बलों की साहसिक पहचान है। यह स्थापना दिवस समारोह न केवल होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा बलों की उपलब्धियों का सम्मान था, बल्कि समाज के प्रति उनकी निष्ठाए समर्पण और सेवा-भावना का जीवंत संदेश भी।



### सशक्त परेड का आयोजन

समारोह में प्लाटून कमांडर देवी सिंह के नेतृत्व में सशक्त परेड का आयोजन किया गया, जिसमें होमगार्ड की दो प्लाटून राइफल के साथ शामिल हुईं। इसके साथ ही एनसीसी कैडेट्स, पीएम श्री एक्सीलेंस कॉलेज के छात्र, आपदा मित्र एवं सेल्फ डिफेंस प्लाटून ने भी मार्च पास्ट करते हुए अपनी तैयारी और अनुशासन का प्रदर्शन किया।

### शुभकामना संदेश का वाचन

मुख्य अतिथि ने गृहमंत्री भारत सरकार तथा मध्य प्रदेश के डायरेक्टर जनरल होमगार्ड द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेशों का वाचन किया। इसके पश्चात उन्होंने परिसर में सजे आधुनिक आपदा प्रबंधन उपकरणों और राहत-उद्धार संसाधनों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने इन संसाधनों की कार्यप्रणाली, तत्परता और तकनीकी क्षमताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उपकरणों के माध्यम से बचाव कार्य और भी प्रभावी एवं तेज़ी से संपादित किए जा सकते हैं।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

कार्यक्रम में संदीपनी स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। समारोह के मुख्य आकर्षणों में बाढ़ के दौरान लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 20 होमगार्ड जवानों को बहादुरी सम्मान से नवाजा जाना भी शामिल रहा। इसके साथ ही, होमगार्ड अधिकारियों और कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को पुरस्कार स्वरूप चेक वितरित किए गए, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ।

### फन गेम्स का आयोजन

समारोह के बाद मैदान में कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़ और रस्साकशी जैसे फन्न गेम्स आयोजित किए गए, जिनमें स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम में उल्लास का रंग भरा। इस अवसर पर भाजपा नेता बृजेश चतुर्वेदी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन कमलेश बहादुर ने किया।

## संस्कार केन्द्र में सर्दी से राहत देने 250 बच्चों को बांटे स्वेटर




जागरण, रायसेन

सर्द हवाओं के बीच शुक्रवार को संस्कार केंद्र का वातावरण मानवीय संवेदनाओं और अपनत्व से भर उठा, जब यमुना सेवा ट्रस्ट विदिशा द्वारा 250 बच्चों को गर्म ऊनी स्वेटर वितरित किए गए। यह सेवा-कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी एवं ट्रस्टी बिट्ठलदास डांगरा के जन्मदिवस को समर्पित रहा, जिसमें बच्चों के चेहरों पर खुशी और सुरक्षा की गर्माहट साफ झलक रही थी।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मध्यभारत प्रांत की प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉण् किरण शेजवार रहीं, जबकि विशेष अतिथि के रूप में अपनाघर आश्रम के सचिव जीएस चौहान और विदिशा विभाग के समन्वयक राजेश भार्गव उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता नगर के समाजसेवी मिथिलेश सोनी ने की। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुईए जिससे वातावरण में सेवाए संस्कार और करुणा का भाव उभर आया। अपने उद्बोधन में डॉ. शेजवार ने कहा कि सेवा भारती केवल वस्त्र नहीं बाँटती, यह संस्कारों का बीज रोपती है। संस्कारित और सशक्त समाज की नींव इन्हीं मासूम बच्चों में है। विशेष अतिथि जीएस चौहान और दीदी सरिता शर्मा ने बच्चों को आत्मविश्वास, अनुशासन और सेवा-भाव की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य का मार्ग दिखाया। कार्यक्रम में जिला समिति के कोषाध्यक्ष कमलेश तिवारी, उपाध्यक्ष नारायण कुशवाहा, सदस्य श्रीमती रजनी अग्रवाल, नगर समिति अध्यक्ष बदामी पटेल, जिला पूर्णकालिक रंजीत धुर्वे, निरीक्षिका रजनी कुशवाहा, शिक्षिकाएँ तथा बच्चे उपस्थित रहे। यमुना सेवा ट्रस्ट द्वारा किया गया यह स्वेटर वितरण न केवल जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से राहत देने का प्रयास था, बल्कि समाज में सेवा और संवेदना की गर्माहट फैलाने का एक प्रेरक संदेश भी।

## फ्यूल टैंक पर हुई वारदार को लेकर थाने में आवेदन

जागरण, सलामतपुर

कस्बे में स्तिथ सलामतपुर फ्यूल स्टेशन पेट्रोल टैंक पर देर रात कार सवार 3 युवकों ने शराब के नशे में बहुत उत्पाद मचाया। और टैंक कर्मचारियों के साथ काफी बहस भी की। उन्होंने अपनी कार में पांच सौ रूपये का पेट्रोल भरवाया और बिना रुपये दिए ही मौके से विदिशा की और भाग निकले।

भागने के दौरान पेट्रोल कर्मचारियों ने हुंडई ओरा कार एमपी 04 टीबी 4651 का पीछा भी किया लेकिन कार चालक तेजी में भाग गया। भागते समय कार चालक ने 2 से 3 मोटरसाइकिलों में टक्कर भी मार दी। बताया जा रहा है कार भोपाल से विदिशा की और जा रही थी। भागते समय कार चालक में अम्बाडी गांव जा रहे तालिब मंसूरी की मोटरसाइकिल में भी टक्कर मार दी। जिससे युवक के हाथ पैर में चोट आ गई और मोटरसाइकिल छतिग्रस्त हो गई। पेट्रोल टैंक संचालक और मोटरसाइकिल चालक ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। सलामतपुर फ्यूल स्टेशन के मैनेजर गुप्ता जी ने बताया कि उनके टैंक मालिक ने आरोपियों की पहचान कर ली थी। उनके पिता ने पांच सौ रुपये फोन पे के माध्यम से वापस कर दिए हैं। और यह भी पता चला है कि तीनों ही युवकों ने गुलाबगंज तक कई वाहनों में टक्कर मारी थी। जिससे हुंडई ओरा कार भी छतिग्रस्त हो गई। सलामतपुर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

## बाल विवाह रोकने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**सलामतपुर।** एसओएस के परिवार शसक्तिकरण के माध्यम से ग्राम सलामतपुर के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लगभग 300 बच्चें व 100 महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकथाम के विषय में जानकारी दी गई एवं कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बाल विवाह रोकने की शपथ दिलाई एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एक संदेश देने का प्रयास किया गया। इस कार्यक्रम में संजय सिंह बचपन एनजीओ, वंदना जी, सुनारी सरपंच प्रतिनिधि शेरसिंह राजपूत एवं अक्षय गोयल प्रिंसिपल सरकारी स्कूल, एसओएस संस्था से प्रमेन्द्र तिवारी, स्वप्निल जगताप एवं अब्दुल सलीम मौजूद थे। कार्यक्रम में अधिकारी ने बाल विवाह के दुष्प्रभावों की विस्तार से जानकारी दी।

## पुलिस ने तीन वर्षों में 104 परिवारों को लौटाई मुस्कान

जागरण, सिलवानी

बेटियों की सुरक्षा हर परिवार के लिए सबसे बड़ी राहत होती है। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान ने पिछले तीन वर्षों में 104 परिवारों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी है। यह अभियान केवल पुलिस कार्रवाई भर नही, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और निरंतर कर्तव्यनिष्ठा का मजबूत उदाहरण बन चुका है।

कई बालिकाएं जो वर्षों से अपने परिवारों से बिछड़ी थीं और दूरदराज के राज्यों में भटक रही थीं-कुछ मजदूरी करते हुए, तो कुछ गलत तत्वों के बीच फंसी हुई-पुलिस की सतत खोजबीन के कारण सुरक्षित घर लौट चुकी हैं। ऑपरेशन मुस्कान ने न सिर्फ पुलिस की कार्यकुशलता सिद्ध की है, बल्कि 104 परिवारों में उम्मीद, विश्वास और खुशियों के रंग भी भर दिए हैं।

### कठिन परिस्थितियों में भी जारी रही तलाश

अभियान में शामिल पुलिसकर्मियों ने दूरस्थ क्षेत्रों, जंगलों और विभिन्न राज्यों में कठिन हालात के बीच लगातार खोजबीन की। तकनीक, स्थानीय एजेंसियों और सामाजिक संगठनों के सहयोग से पुलिस ने हर बालिका को सुरक्षित रूप से परिजनों तक पहुंचाया। सिलवानी थाना प्रभारी पूनम सविता ने बताया कि ग्राम चुनेटिया की एक किशोरी दो वर्ष पूर्व घर से लापता हुई थी, जो बाद में गुजरात में मिली। उसे देखकर माता-पिता की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। ऐसी कई घटनाओं ने परिवारों में फिर से दीपक-सी खुशियां जगा दीं।




**एसडीओपी अनिल मोर्या ने कहा कि तीनों थानों की संयुक्त मेहनत से सौ से अधिक बालिकाओं को सुरक्षित घर पहुंचाया गया है। शेष सभी गुमशुदा बालिकाओं की तलाश प्राथमिकता में है।**

### तीन वर्षों में बेटियों की घर वापसी (आंकड़ों में)

**सिलवानी थाना**
2023 : गुम 15, दस्तायव 13
2024 : गुम 31, दस्तायव 30
2025 : गुम 25, दस्तायव 22

**थाना बम्होरी**
तीन वर्षों में दस्तायव : 16

**थाना सुल्तानगंज**
गुम बालिका : 23
दस्तायव : 23

स्रोत : पुलिस विभाग

### पार्षद ने उठाए नपा की कार्यप्रणाली पर सवाल, क्षेत्र में हो रहे नियम विरुद्ध निर्माण

# अब क्षेत्र में अवैध नल व सीवेज लाइन के कनेक्शनों का शोर

## पहले मगधम स्कूल की परमिशन का गर्माया था मामला

जागरण विदिशा

वैसे तो पूरा शहर में अब नगरपालिका की व्यवस्थाएं नियंत्रण से बाहर होती जा रही है। नपा की कार्यप्रणाली को लेकर कई माह से न केवल अन्य पार्षद बल्कि भाजपा की बहुमत वाली इस परिषद के कुछ भाजपा पार्षद भी ककई दिनों से आंदोलनरत व धरनारत है। ऐसे में अब न केवल शहर में विकास कार्य प्रभावित बने हुए है नपा की अन्य व्यवस्थाएं भी नियंत्रण से बाहर होती दिखाई दे रही है। पिछले दिनों शहर के टीलाखेड़ी क्षेत्र के पार्षद ने फेस बुक पर एक पोस्ट कर उनके क्षेत्र में हो रहे नियम विरुद्ध कार्यों को आइना दिखाया एवं सीएमओ से ऐसे सभी अवैध कार्यों पर कार्रवाई की मांग की।

मालूम हो कि इस क्षेत्र में पूर्व में एक मगधम स्कूल के निर्माण का मामला गर्माया था। भव्य क्षेत्र में निर्मित इस स्कूल भवन के निर्माण के लिए रहवासी परमीशन दे दी गई थी। बाद में नपा के संज्ञान में आने के बाद एक-के बाद एक कई नोटिस जारी होते रहे। काम रोकने के नोटिस दिए गए लेकिन नपा की प्रशासनिक ताकत भवन का निर्माण कार्य नहीं रोक पाई थी। बाद में स्कूल में सीवेज कनेक्शन का जब मामला सामने आया तो नपा ने टीम भेजकर इस कनेक्शन की राशि वसूल की थी। इस भवन निर्माण का मामला कई दिनों तक गर्माया लेकिन नपा की कार्रवाई सिर्फ नोटिसों तक सिमटी रही। अब हाल ही में इस वार्ड के पार्षद दीपक कुशवाह ने फेसबुक पर पोस्ट डालकर क्षेत्र में हो रहे नियम विरुद्ध कार्यों को उजागर किया है।



फाइल फोटो

### हर तरफ मनमानी का आलम

नपा के अधिकांश पार्षद इन दिनों नपा की अनियमितताओं एवं कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आंदोलनरत है तो वहीं शहर में हर तरफ मनमानी का आलम है। सड़कों पर अतिक्रमण का बोलबाला है। नाले-नालों पर भी अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। पुरानी एवं कुछ माह पूर्व बनी सड़क उखड़ने लगी है और नई सड़कों का निर्माण हो नहीं पा रहा है। नपा की राजस्व वसूली भी बुरी तरह प्रभावित बनी हुई है। निर्माण कार्यों की अंसख्या फाइलें हैं, पर विकास कार्यों पर ग्रहण लगा हुआ है। यह स्थिति पिछले कई माह से बनी हुई है।

### नल व सीवेज कनेक्शनों के मामले पहले भी आते रहे सामने

शहर में अवैध नलों की संख्या हजारों की संख्या में होना मानी जाती रही है। पूर्व में कई बार यह मुद्दा नपा की बैठकों में उठता रहा है,इस तरह के नलों का सर्वे करने और इन्हें वैध कराए जाने की बात भी बैठकों में उठती रही, लेकिन इन अवैध नल कनेक्शनधारियों पर नपा के जिम्मेदारों की कृपा ही कहें कि इस दिशा में कभी ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई और इन कनेक्शनों के वैध नहीं होने से नपा को हर माह जल कर की राशि में लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है पूर्व में इस तरह के कनेक्शन होते नपा अमले द्वारा पकड़े भी गए और इन नल कनेक्शनों को विच्छेद करना पड़ा था। और ईमानदार उपभोक्ताओं को अधिक जलकर हो जाने पर नोटिसों के मानसिक तनाव से जूझने की स्थिति बनती आ रही है। इसी तरह कुछ वर्ष पूर्व शहर में सीवेज लाइन डलने के दौरान इस योजना के तहत यह कनेक्शन करीब 2800 रुपए में होना बताया जा रहा, लेकिन अब यह कनेक्शन भवन साइजों के आधार पर 10 हजार रुपए से शुरूआत हो रही। कनेक्शन की यह राशि काफी अधिक होने से भवन स्वामियों ने इसका आसान तरीका निकाल लिया है और यह कनेक्शन यअब गुपचुप रूप से कराए जाने लगे हैं। खासकर अवकाश के दिन शनिवार व रविवार को सड़कों के खुदते और कनेक्शन होते शहर में देखे जा सकते हैं और इस मानसिकता के चलते नपा के राजस्व का काफी नुकसान हो रहा है।

### सीएमओ के नाम पत्र भी लिखा

टीलाखेड़ी क्षेत्र वार्ड क्रमांक-39 के पार्षद दीपक कुशवाह ने सीएमओ के नाम एक पत्र भी लिखा है। इसमें वार्ड में हो रहे अवैध निर्माण कार्य पर कार्रवाई करने की मांग की है। पार्षद कुशवाह का कहना है कि टीलाखेड़ी कॉलोनी में अवैध स्कूल निर्माण, भवन निर्माण, बिन परमीशन कॉलोनी निर्माण कार्य, नल कनेक्शन, सीवेज कनेक्शन, नाले पर अतिक्रमण, नियम विरुद्ध अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सीएमओ से अवैध निर्माण कार्यों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। शहर में देखें तो यह स्थिति अकेले टीलाखेड़ी क्षेत्र की नहीं हैं। नलों व सीवेज के अवैध कनेक्शनों व नियम विरुद्ध भवन निर्माण जैसी स्थितियां शहर के कई वार्डों में बनी हुई और इस दिशा में नगरपालिका सख्ती से कार्रवाई करने में असहाय बनी हुई है।

### इनका कहना है



टीलाखेड़ी क्षेत्र संबंधी कुछ शिकायतें आई थीं। जहां एक नल कनेक्शन अवैध रूप से लगने पर उसे तत्काल कटवाया गया एवं एफआईआर की कार्यवाही की जा रही है। नल लगाने वाले का लायसेंस भी निरस्त करने की कार्यवाही हो रही है। भवन परमिशन व अवैध सीवेज कनेक्शनों पर भी कार्यवाही चल रही है। मगदम स्कूल के हाईटेंशन क्षेत्र का निर्माण कार्य रुकवाया गया। वहीं निर्माण हुए भवन की भी जांच कराई जाएगी। शहर में अवैध कनेक्शनों व सीवेज कनेक्शनों की जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा और ऐसे लोगों को पर भी कार्यवाही होगी।

**दुर्गेश सिंह**
**सीएमओ, नपा विदिशा**

# बीएलओ को धमकाने पर पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी

### बीएलओ ने पत्र में लिखा-अगर कोई अप्रिय स्थिति होती है तो इसे मानसिक दबाव माना जाए

जागरण विदिशा

नटेरन क्षेत्र के एक बीएलओ को पटवारी द्वारा धमकाने का मामला सामने आया है। इससे बीएलओ भयभीत है और शिकायत एसडीएम के पास पहुंचने पर एसडीएम ने पटवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मिली जानकारी के अनुसार मामला करीब 3 दिन पूर्व का एवं लोधाखेड़ी बीएलओ का है। बीएलओ तरुण बघेल ने एसडीएम को दिए आवेदन में कहा है कि मेरे पास दो अनुभाग है, कार्य अधिक है। चुनाव विभाग द्वारा दिए गए कार्य को कम समय में करने का दबाव है। पटवारी सतीश द्वारा मेरी शाला लोधाखेड़ी में आकर मुझे सस्पेंड कराने की धमकी दी गई है। बीएलओ ने अपने पत्र में कार्य का अत्यधिक दवाब व पटवारी द्वारा दी गई धमकी का उल्लेख करते हुए कहा है कि ऐसे में यदि कोई अप्रिय स्थिति होती है तो इसे मानसिक दबाव ही माना जाए।

मिली जानकारी के अनुसार बीएलओ के इस पत्र पर अनुविभागीय अधिकारी नटेरन एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी-146 शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र ने पटवारी सतीश के नाम कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होंने पटवारी को दिए नोटिस में कहा है कि आपको मतदान केंद्र क्रमांक-210 लोधाखेड़ी में बीएलओ के सहयोग हेतु ड्यूटी लगाई गई थी। लोधाखेड़ी बीएलओ द्वारा अवगत कराया गया कि आपके द्वारा कोई सहयोग नहीं किया गया एवं आपके द्वारा उसे प्रथमिक शाला लोधाखेड़ी में आकर सस्पेंड कराने की धमकी दी गई। जिससे उसका मानसिक संतुलन बिगड़ गया। आपके इस कृत्य से कभी भी उसके साथ अप्रिय घटना घट सकती थी। नोटिस में कहा गया कि यह कृत्य निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में घोर लापरवाही के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना के साथ ही मप्र सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 उपनियम-1, 2 व 3 के विपरीत होकर दंडनीय है, क्यों न आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तावित किया जाए। पटवारी को इस संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया वहीं जबाव प्रस्तुत न करने एवं जबाव समाधान कारक न होने पर आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई करने की बात कही गई।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

**जागरण विदिशा।** आबकारी अमले ने शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम रामपुर बूढ़ाखेड़ा पेगआई के टपरे, सांगुल के टपरे, अजीत पिपरिया सहित कुल 8 स्थानों पर तलाशी एवं छापामार कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी पाठक ने बताया कि अवैध मदिरा निर्माण एवं परिवहन से जुड़े 6 प्रकरण दर्ज किए गए। आरोपियों के कब्जे से 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, तथा 1100 किलोग्राम महुआ लाहान जप्त किया गया। जप्तशुदा सामग्री एवं उपकरणों की कुल अनुमानित कीमत लगभग एक लाख 15 हजार रुपए आंकी गई।

## अंबेडकर विचार मंथन पर कार्यक्रम, 11 हजार 207 विद्यार्थियों ने की सहभागिता



**जागरण विदिशा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विदिशा जिले की विभिन्न इकाईयों में कार्यकर्ताओं द्वारा 107 स्थानों पर 11,207 विद्यार्थियों की सहभागिता कराकर सामाजिक समरसता दिवस बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में अंबेडकर विचार मंथन के निमित्त बाबा साहब के विचारों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

विदिशा नगर मंत्री चंद्रांशु शास्त्री ने बताया 3 से 6 दिसंबर तक कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे अंबेडकर विचार मंथन अभियान में नगर इकाई के 40 स्थानों पर 4,848 सहभागिता कराकर प्रत्येक महाविद्यालय, विद्यालय, कोचिंग परिसरों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं बाबा साहब के विचारों से प्रेरित होकर विद्यार्थियों ने परिसरों में समरसता के लिए संकल्प लिया एवं बाबा साहब द्वारा दिए गए समानता न्याय और शिक्षा आधारित समाज के संकल्प को स्मरण कराया एवं लगातार देखने में आता है विद्यार्थी परिषद समाज के बीच जाकर सामाजिक समरसता के लिए लगातार कार्य कर रही है एवं इस कार्यक्रम के माध्यम से विदिशा जिले के प्रत्येक परिसरों में कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहब के विचारों को पहुंचने का कार्य किया।

## खाद वितरण सोसायटी केंद्र सागुल का निरीक्षण

जागरण विदिशा

शमशाबाद के तहसीलदार डॉ. दर्शन सिंह नेगी ने खाद वितरण सोसायटी केंद्र सागुल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वितरण व्यवस्था, स्टॉक पंजी, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही खाद की मात्राए पारदर्शिता तथा व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। तहसीलदार ने केंद्र में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि किसानों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या देरी न हो। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर एवं वितरण अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक सुधारात्मक सुझाव भी दिए।निरीक्षण के दौरान किसानों से भी चर्चा की गई तथा खाद उपलब्धता और वितरण प्रक्रिया से संबंधित फीडबैक लिया गया।

# आपदा के समय होमगार्ड जवान ही संभालते हैं मोर्चा

### होमगार्ड स्थापना दिवस: सैनिक हुए सम्मानित तो मेधावी बच्चों को भी किया प्रोत्साहित

जागरण विदिशा

शनिवार को क्रांति चौक स्थित होमगार्ड कार्यालय में होमगार्ड स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त होमगार्ड व सैनिकों और अधिकारियों को सम्मानित किया एवं मेधावी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। आपदा राहत उपकरणों की प्रदर्शनी भी यहां लगाई गई। इस दौरान होमगार्ड जवानों ने अनुशासित मार्च.पास्ट किया, जिसने समारोह की गरिमा बढ़ाई। विदिशा विधायक मुकेश टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी और अपर कलेक्टर अनिल डामोर भी विशेष रूप से मौजूद थे।



सेवा से सेवानिवृत्त हुए होमगार्ड सैनिकों और अधिकारियों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। होमगार्ड परिवार के मेधावी बच्चों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। समारोह के दौरान होमगार्ड जवानों द्वारा उपयोग किए जाने वाले राहत और बचाव उपकरणों की एक प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में बाढ़, आगजनी और अन्य आपात स्थितियों में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक उपकरण प्रदर्शित किए गए।

होमगार्ड कमांडेंट रश्मि दुबे ने कहा कि स्थापना दिवस पर जवानों के राहत और बचाव कार्यों को सम्मानित किया गया है। सेवानिवृत्त जवानों और अधिकारियों के साथ-साथ उनके परिवारों के मेधावी बच्चों को भी प्रोत्साहित किया गया है, ताकि वे भविष्य में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

विधायक मुकेश टंडन ने अपने संबोधन में कहा कि आपदा के समय होमगार्ड के जवान सबसे पहले मोर्चा संभालते हैं। उन्होंने बाढ़, आगजनी या किसी बड़े आयोजन में होमगार्ड की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। टंडन ने सभी होमगार्ड परिवारों को बधाई दी और मुख्यमंत्री मोहन यादवए, गृहमंत्री अमित शाह तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सेवानिवृत्त जवानों और मेधावी बच्चों को सम्मान देने की पहल की है।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत हुई क्रिकेट प्रतियोगिता, विजेता बनी मोहम्मदगढ़ टीम

### मैच के बीच विवाद की बनी स्थिति तो दलबल के साथ पहुंची थाना प्रभारी

जागरण ग्यारसपुर

तहसील परिसर स्थित खेल मैदान में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला ग्यारसपुर और मोहम्मदगढ़ की टीमों के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच को देखने के लिए आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मैदान पर पहुंचे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे। दर्शकों की जबरदस्त मौजूदगी से पूरा मैदान खेल भावना और जोश से भर गया।

टॉस जीतकर ग्यारसपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 12 ओवरों में 119 रन बनाए। टीम के बल्लेबाजों ने संयमित खेल दिखायाए हालांकि अंतिम ओवरों में तेजी से रन नहीं बन पाने का खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मोहम्मदगढ़ की टीम ने आक्रामक शुरुआत की और खेल के बीच में ही विवाद की स्थिति बन गई जिससे मौके पर थाना प्रभारी सीमा राय अपने दलबल के साथ पहुंची और विवाद को नियंत्रित किया।



इसके बाद खेल चालू किया गया। जिसमें मोहम्मद टीम द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए 11वें ओवर में ही 120 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। मोहम्मदगढ़ के बल्लेबाजों ने सधे हुए शॉट्स खेले और विपक्षी गेंदबाजों पर लगातार दबाव बनाए रखा।

मैच के बाद विजेता टीम मोहम्मदगढ़ को मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर द्वारा ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेता टीम अब विधानसभा स्तर की प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएगी। आयोजन को लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह नजर आया।

## जिला रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक

जागरण विदिशा

जिला चिकित्सालय विदिशा के सभागार में कलेक्टर एवं जिला रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अस्पताल प्रबंधन से जुडे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई तथा जनहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए मरीजों के हित में बेहतरए तेज और सुगम उपचार सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। बैठक के प्रमुख निर्देश एवं निर्णय डायलिसिस इकाई का समय बढ़ाया जाए, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को समय पर डायलिसिस सेवा उपलब्ध हो सके। ब्लड बैंक में रक्तदान को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश।

# कोतवाली पुलिस ने 3 इनामी फरार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जागरण विदिशा।** वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में जिले में चोरी, नकबजनी एवं गंभीर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर फरार एवं इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 4 जुलाई 24 को थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बरईपुरा चौराहा के पास एक व्यक्ति पर घातक हमला किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच करते हुए धारा 119/1, 296, 115/2, 118/1, 351/3, 3/5 बीएनएस व व बीएनएस एससीएसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा 119/2,3/2 एससी/एसटी एक्ट का इजाफा किया गया। पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया उनमें देवेंद्र सेन उम्र 36 वर्ष निवासी बरईपुर, 2 शिवम सेन उम्र 22 वर्ष निवासी बरईपुरा, मनजीत डांगी उम्र 24 वर्ष, निवासी बरईपुर चौराहा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लोहे का चाकू व एक हॉकी बरामद की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, सउनि मलखान सिंह, प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र रघुवंशी, आरक्षक संदीप जाट, अजय सिकरवार, राघवेंद्र सिकरवार, भूपेंद्र कुर्मी, शिशुपाल सिंह दांगी की महत्वपूर्ण रही।



### नया पुल बनने के बाद से अनुपयोगी हो जाने से हो रही थी उपेक्षा, हुआ श्रमदान

# 200 साल मददगार रहे पुल का किया ख्याल...

जागरण विदिशा

शहर में पिछले 200 साल तक अपने सीने पर वाहनों को दौड़ाने वाले पुल को उपेक्षित देख शनिवार को कई सेवाभावी लोग इस पुल पर पहुंचे और पुल पर श्रमदान कर उस उग आई झांड़ियां फैला हुआ कचरा और गंदगी को दूर किया गया। मालूम हो कि विदिशा और रायसेन को जोड़ने वाला लगभग 200 साल पुराना ऐतिहासिक दो कौड़ी पुल शहर की विरासत का प्रतीक बना हुआ है। अब इस धरोहर के संरक्षण के लिए समाजसेवी, विरासत प्रेमी और प्रशासनिक अधिकारी एकजुट होकर आगे आ रहे हैं।

इतिहासकार गोविंद देवलिया के अनुसार इस पुल का निर्माण ग्वालियर साम्राज्य के समय हुआ था। उस दौरान विदिशा के जमींदार श्रीवास्तव परिवार से थे। एक बार सिंधिया महाराज के बुलावे पर जमींदार समय पर नहीं पहुंच सके, जिस पर महाराज ने उन पर दो कौड़ी का जुर्माना लगाया। जमींदार ने जुर्माना भरने के बजाय जनहित का कार्य करने का निवेदन किया। तब महाराज ने बेतवा नदी पर विदिशा और रायसेन को जोड़ने वाले पुल के निर्माण का सुझाव दिया। इसी जुर्माने के बदले जमींदार द्वारा यह पुल बनवाया गया, जो बाद में दो कौड़ी का पुल कहलाया।



विदिशा के तत्कालीन जागीरदार गौरी शंकर श्रीवास्तव ने इस पुल का निर्माण कराया था। यह पुल लगभग 180 वर्षों तक क्षेत्र में आवागमन का प्रमुख साधन रहा। समय के साथ यातायात बढ़ने पर पुल संकरा पड़ने लगा। इसके बाद इसके समीप एक नया पुल बनाया गया, जिसके कारण पुराने पुल से आवागमन बंद हो गया। इंटेक विदिशा के संयोजक और विरासत समूह के सचिव अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि यह पुल विदिशा के लिए केवल एक संरचना नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर है। लंबे समय तक उपेक्षा के कारण पुल पर झाड़ियां और गंदगी जमा हो गई थी। इसे हटाने के लिए समाजसेवियों, विरासत प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने श्रमदान किया और पुल की सफाई तथा साज-सज्जा का कार्य किया। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में इस ऐतिहासिक पुल का सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से उपयोग करने की योजना है। इसका उद्देश्य यह है कि बाहर से आने वाले लोग इसकी ऐतिहासिक महत्ता को समझ सकें और विदिशा की धरोहर से जुड़ सकें। दो कौड़ी का पुल आज भी अतीत की कहानियों को समेटे हुए है और शहरवासी इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए सहेजने में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

## तीन मेडिकल दुकानों के लायसेंस निलंबित

जागरण विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में जिलेभर के मेडिकल स्टोरों की नियमित निरीक्षण कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में औषधि निरीक्षक द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण कमियाँ व अनियमितताएं पाई गईं। औषधि निरीक्षक द्वारा संबंधित मेडिकल स्टोर संचालकों को पाई गई कमियों के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित अवधि में प्राप्त उत्तर संतोषजनक नहीं पाए गए। नियमों के उल्लंघन और अनियमित संचालन पाए जाने पर सिरोंज, बासौदा तथा विदिशा की एक -एक दुकान की औषधि अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से सात दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है। जिले में औषधि विक्रय व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने और जनता को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कार्रवाई औषधि एवं प्रसाधन सामग्री नियमावली 1945 के प्रावधानों के तहत की गई है।

## जूनियर बालक छात्रावास का विधायक ने किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

### वार्ड क्रं. 21 में चला एसआईआर जागरुकता अभियान



जागरण विदिशा

शनिवार को वार्ड क्रमांक 21 में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड का भ्रमण कर लोगों से बातचीत कर एसआईआर फार्म के बारे में जानकारी दी और कहा कि गणना पत्रक के साथ कोई अलग से दस्तावेज नहीं लगाना है। सिर्फ नवीन फोटो चिपका कर केवल फार्म भर कर बीएलओ को या आंगनबाड़ी केंद्र में जमा करना है। बाद में जब जिनके नए नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए फार्म न. 6 भरा जाएगा दस्तावेज केवल उन्हीं को देना है। गणना पत्रक में कोई कागज नहीं लगाना है। जागरूकता अभियान के दौरान विधायक मुकेश टंडन और नगरपालिका सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने अनुचित जाति जूनियर बालक छात्रावास लुहांगी का औचक निरीक्षण किया।

जिसमें छात्रावास की व्यवस्थाओं और मिलने वाली सुविधाओं देखा एवं रजिस्टर चेक किए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया। जन जागरूकता अभियान में विजय जैन, वीरेंद्र धाकड़ मिर्ची, पार्षद प्रतिनिधि सिद्धार्थ जैन, प्रदीप सरदार, राघवेंद्र विश्वकर्मा, राजेन्द्र ठाकुर आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।